बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार



मनरेगा के अन्तर्गत सामाजिक वानिकी

(फॉर्म फौरेस्ट्री/एग्रो फौरेस्ट्री) के लिए मानक संचालन प्रक्रिया

(Standard Operating Procedure For Social Forestry Under MGNREGA)

प्रस्तावना

मनरेगा केन्द्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों का रोजगार सभी इच्छुक वयस्क को उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन बिहार के परिप्रेक्ष्य में 100 दिन का रोजगार नहीं दिया जा रहा है, क्योंकि बिहार में Working Season मात्र 4 से 5 महीना है, क्योंकि 38 जिलों में से 28 जिले बाढ़ग्रस्त है। जून 15 से जनवरी एवं फरवरी तक मिट्टी का कार्य इन बाढ़ग्रस्त जिलों में नहीं किया जा सकता है। इसकी वजह से 100 दिन का रोजगार मिट्टी के कार्य में मिलना संभव नहीं है। इसलिए वृक्षारोपण ही एक ऐसी योजना है, जिसमें सालोभर बेरोजगार को रोजगार दिया जा सकता है। इसके कारण बिहार में 34.06% बी.पी.एल. परिवार रहने के बावजूद वित्तीय वर्ष 2013–14 में मनरेगा अंतर्गत कुल व्यय 2462.02 करोड़ रुपये मात्र है, जबकि आंध्र प्रदेश में मात्र 10.96% बी.पी.एल. परिवार है परन्तु वित्तीय वर्ष 2013–14 में मनरेगा अंतर्गत कुल व्यय 5347.91 करोड़ रुपये है। अतः स्पष्ट है कि बिहार में गरीबी रेखा के नीचे के लोगों की संख्या अधिक होने के बावजूद भी वित्तीय वर्ष 2013–14 में मनरेगा के अंतर्गत व्यय अधिक नहीं हुआ।

पर्यावरण संतुलन, शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता का सीधा संबंध मानव के स्वास्थ्य से है। पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है कि धरती का कम से कम 33 प्रतिशत भूमि क्षेत्र वन एवं पौधों से अच्छादित हो। बिहार राज्य अंतर्गत मात्र 10.3 प्रतिशत (वन सहित) वृक्षों से अच्छादित है जबकि राष्ट्रीय औसत 23.74 प्रतिशत है। राज्य सरकार वृक्षादन क्षेत्र को बढ़ाने के लिये कृत संकल्प है एवं वर्ष 2017 तक इसे 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। यह राज्य सरकार के प्रयासों का ही फलाफल है कि वर्ष 2011 में लगभग 9.00 प्रतिशत से बढ़कर यह वर्तमान में 10.3 प्रतिशत हुआ है। मनरेगा अंतर्गत सूखारोधी एवं वृक्षारोपन कार्य का प्रावधान होने के कारण पर्यावरण एवं वन विभाग के प्रयासों के अतिरिक्त ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत भी विगत 5–6 वर्षों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्य हुआ है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA), 2005 अंतर्गत सूखा रोधी एवं वृक्षारोपण कार्य शुरू से प्रावधानित है। इस क्रम में बिहार राज्य में मनरेगा अंतर्गत सामाजिक वानिकी की योजना 2008–09 में लागू की गयी जिसमें 200 पौधे को युनिट मानकर प्रत्येक युनिट हेतु चक्रीय क्रम में 4 परिवार के वृद्ध, अपंग, महिलाये आदि को पौधें के संपोषण कार्य देने का प्रावधान किया गया था ताकि प्रति दिन के आधार पर इन पौधों की देख रेख हो सके एवं प्रति परिवार अधिकतम 100 दिन प्रति वित्तीय वर्ष का रोजगार 3 से 5 वर्षों तक उपलब्ध हो सके।

भारत सरकार द्वारा निर्गत नयी मार्गदर्शिका के अनुसार बिहार के जनसांख्यिकीय (demographic) एवं भूमि (land) की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक 200 फलदार एवं लकड़ी पौधों अथवा एक हजार बाँस पौधों पर दो वन पोषकों को संबंद्ध किया जायेगा । प्रत्येक वन पोषकों को प्रत्येक माह में 90 % से ज्यादा पौधो के जीवित रहने पर प्रत्येक जीवित पौधें के आलोक में 7 रूपये की राशि लगातार पाँच साल तक दी जायेगी। पाँच साल के बाद उन्ही परिवार को 50–50 पौधे वृक्ष संरक्षण योजना के तहत वृक्ष पट्टा के रूप में दिया जायेगा जिसका लाभ (usufruct right) उन्हें मिलेगा।

वर्ष 2009–10 से 2012–13 तक की गयी वृक्षारोपण की सभी योजनाओं को बन्द कराकर वृक्ष संरक्षण योजना के अन्तर्गत 50–50 पेड़ संलग्न कर वनपोषको को दिया जायेगा। वर्ष 2013–14 एवं वर्ष 2014–2015 में वृक्षारोपण की सभी योजनाओं को बन्द कराकर उन सभी योजनाओं को पुनः नये दिशा–निदेश के अनुसार नये रेकर्डस खोलते हुए चार वनपोषक के स्थान पर दो वनपोषक को सम्बद्ध किया जायेगा।

सामाजिक वानिकी से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा–निदेश, वृक्षारोपण योजना कार्यान्वित करने की प्रक्रिया, पौधा रोपण का समय, Farm Forestry एवं Agro Forestry के संबंध में जानकारी, वर्षाऋतु में वृक्षारोपण का कार्यान्वयन, निजी एवं सार्वजनिक भूमि पर वृक्षारोपण संबंधी प्राक्कलन, अभिलेख संधारण, स्वीकृति आदेश इत्यादि के प्रारुप को संकलन कर सामाजिक वानिकी पर संदर्भ पुस्तिका तैयार की गई है। मुझे उम्मीद है कि मनरेगा के हितधारकों के लिए लाभदायक होगी।

शुभकामनाओं के साथ।

(एस. एम. राजू)

ग्रामीण विकास विभाग,

बिहार, पटना

विषय सूची

क्र.सं.	विवरणी	पृष्ठ सं0
अध्याय — 1		
	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम **(MGNREGA)** में सामाजिक वानिकी से सम्बंधित अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न **(FAQ)**	1–4
अध्याय — 2		
	मनरेगा **(MGNREGA)** के तहत सामाजिक वानिकी का क्रियान्वयन	5–16
1.	एक परिचय :	5–6
	(I) सामाजिक वानिकी का मूल्य उद्देश्य	
	(II) मनरेगा अधिनियम की जानकारी	
	(III) योजना का लक्ष्य	
2.	मनरेगा अंतर्गत पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा किये जानेवाले कार्य :–	6–7
	(I) कार्य की विवरणी	
3.	मनरेगा अंतर्गत योजनाओं का चयन एवं योजना के क्रियान्वयन निकाय का चयन	8
4.	कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियन्ता PTA, PRS के कार्य ।	9–10
	(I) कार्यक्रम पदाधिकारी का कार्य	
	(II) कनीय अभियंता का कार्य	
	(III) पंचायत तकनीकी सहायक का कार्य	
	(IV) पंचायत रोजगार सेवक का कार्य	
5.	कार्य की प्रक्रिया	10–12
	(I) वन क्षेत्रों के लिए	
	(II) वन क्षेत्र के बाहर की भूमि पर वानिकीकरण इत्यादि के लिए	
6.	व्यक्तिगत विकास हेतु बागवानी	12
7.	पौधा रोपण का समय	12
8.	पौधा प्रजाति का चयन	13
9.	वनपोषकों का भुगतान	13
10.	वनपोषकों का चयन एवं दायित्व	13
11.	वन पोषक के चयन की प्रक्रिया	14
12.	सामग्री खरीद	14
13.	सिंचाई व्यवस्था	15
14.	मेट रखने की प्रक्रिया।	15
15.	मेट का दायित्व	15

क्र.सं.	विवरणी	पृष्ठ सं०
16.	पौधे की क्षति होने पर पुनः पौधारोपण करने के संबंध में	16
17.	प्राक्कलन तैयार करने की प्रक्रिया।	16
18.	सरकारी भूमि पर वृक्षारोपण की योजना के समाप्ति के उपरांत देखभाल	16
19.	विविध	16

अध्याय – 3

	सामाजिक वानिकी हेतु सूचिबद्ध फैसिलीटेटर के कार्य एवं दायित्व	17–18
I	फैसिलीटेटर द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य	17
II	फैसिलीटेटर के भुगतान के सम्बंध में	18

सामाजिक वानिकी से सम्बंधित महत्वपूर्ण दिशानिर्देश

1.	मनरेगा योजना के अन्तर्गत सामाजिक वानिकी का कार्यान्वयन फैसिलीटेटर के सहयोग से कराने के संदर्भ में विभागीय दिशा निर्देश ।	19–20
2.	ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा Oilseeds देने वाले पौधों का पौधारोपण एवं रख रखाव से सम्बन्धित पत्र	21
3.	ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा फैसिलीटेटर नियुक्त करने से सम्बन्धित पत्र	22
4.	ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनरेगा के तहत कृषि एवं अन्य कार्य से सम्बन्धित पत्र	23–24
5.	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित पथो के फ्लैंक में मनरेगा कार्यक्रम अन्तर्गत वृक्षारोपण से सम्बन्धित ग्रामीण कार्य विभाग का पत्र	25
6.	ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा NHAI के पौधारोपण से सम्बन्धित पत्र	26–27
7.	मनरेगा एवं रेल मंत्रालय के बीच अभिसरण से सम्बन्धित विभागीय पत्र	28–29
8.	ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनरेगा एवं रेल मंत्रालय के बीच अभिसरण से सम्बन्धित पत्र	30–31
9.	फैसिलीटेटर एवं उनको आवंटित जिले	32
10.	वृक्ष संरक्षण योजना अंतर्गत वनपोषक द्वारा वृक्षारोपण हेतु आवेदन पत्र	33
11.	वृक्ष संरक्षण आवंटन प्रपत्र	34
12.	वनपोषक बनने की शर्तें	35–37
13.	वर्षा ऋतु में योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित पत्र	38–39
14.	मनरेगा योजनान्तर्गत सड़क किनारे बीजू फलदार पौधारोपण तथा पौधो की सिंचाई हेतु प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित पत्र	40–41
15.	मनरेगा योजनान्तर्गत पौधा रोपण के लिए सिंचाई व्यवस्था से संबंधित पत्र	42–43

क्र.सं.	विवरणी	पृष्ठ सं0
16.	PHED द्वारा Tube Well से संबंधित प्राक्कलन	44–49
17.	वनपोषक से संबंधित परिचय पत्र	50
18.	नदी के ढ़लान, नदियों का बाँध एवं बारिश के मौसम में जल जमाव होने वाले क्षेत्र में फलदार वृक्ष यथा जामुन का पेड़ लगाकर रोजगार सृजन करने एवं भू–संरक्षण करने से संम्बन्धित पत्र	51–54
19.	राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम, बिहार के अन्तर्गत बांस रोपण द्वारा बाढ़ नियंत्रण एवं मिट्टी संरक्षण करते हुए रोजगार सृजन से संबंधित पत्र	55–56
20.	Certification of Bamboo Planting Materials से संबंधित पत्र	57
21.	बाँस के नर्सरी सत्यापन संबंधी कागजात उपलब्ध कराने से संबंधित पत्र (Certification of Bamboo Planting Materials)	58–61
22.	मनरेगा अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय परिसर एवं अस्पताल परिसर में पौधारोपण से संबंधित पत्र	62–63
23.	मनरेगा योजनाओं का प्रखंड स्तर पर 100 प्रतिशत तथा जिला स्तर पर 10 प्रतिशत निरीक्षण करने के प्रावधानानुसार निरीक्षण कर प्रतिवेदन को प्रखंड स्तर पर ग्राम पंचायतवार संधारण करने एवं मनरेगा दिशा निर्देश तृतीय संस्करण अध्याय–9 के अनुसार पंजियों को ग्राम पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर संधारण करने से संबंध में दिशा–निर्देश ।	64–66
24.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत निजी जमीन पर फलदार पौधा रोपण योजना से संबंधित अभिलेख का प्रपत्र	67
25.	काम के लिए बी0पी0एल/लघु सीमान्त किसान द्वारा अपने जमीन पर बांस पौधारोपण करने हेतु आवेदन फार्म	68–69
26.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत निजी जमीन पर लघु/सीमान्त किसान द्वारा फलदार पौधारोपण योजना का स्वीकृत्यादेश	70–71
27.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत निजी जमीन पर लघु/सीमान्त किसान द्वारा फलदार पौधारोपण योजना का कार्यादेश	72
28.	साप्ताहिक मापी प्रपत्र	73
29.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत निजी जमीन पर बॉस पौधारोपण योजना से संबंधित अभिलेख	74
30.	काम के लिए बी0पी0एल/लघु सीमान्त किसान द्वारा अपने जमीन पर बांस पौधारोपण करने हेतु आवेदन फार्म	75–76
31.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत निजी जमीन पर लघु/सीमान्त किसान द्वारा बॉस पौधारोपण योजना का कार्यादेश	77

क्र.सं.	विवरणी	पृष्ठ सं०
32.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत निजी जमीन पर बॉस पौधारोपण योजना का स्वीकृत्यादेश	78
33.	साप्ताहिक मापी प्रपत्र	79
34.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सरकारी जमीन पर फलदार पौधारोपण योजना से संबन्धित आदेश फलक	80
35.	काम के लिए संयुक्त आवेदन फार्म	81
36.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सरकारी जमीन पर फलदार पौधारोपण योजना से संबन्धित स्वीकृत्यादेश	82
37.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सरकारी जमीन पर फलदार पौधारोपण योजना का कार्यादेश	83
38.	साप्ताहिक मापी प्रपत्र	84
39.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सरकारी जमीन पर बॉस पौधारोपण योजना से संबंधित आदेश फलक	85
40.	काम के लिए संयुक्त आवेदन फार्म	86
41.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सरकारी जमीन पर बॉस पौधारोपण योजना का स्वीकृत्यादेश	87
42.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सरकारी जमीन पर बॉस पौधारोपण योजना का कार्यादेश	88
43.	साप्ताहिक मापी प्रपत्र	89
44.	मनरेगा योजना अन्तर्गत सामाजिक वानिकी पौधारोपण योजना में मेट रखने का आदेश फलक	90–92
45.	मनरेगा योजना अन्तर्गत सामाजिक वानिकी पौधारोपण योजना में मेट के कार्य संबंधी स्वीकृत्यादेश	93–95
46.	मनरेगा योजना अन्तर्गत सामाजिक वानिकी पौधारोपण योजना में मेट रखने हेतु कार्यादेश	96–98

मानक प्राक्कलन

1.	सरकारी जमीन पर फलदार पौधा की खेती के लिए मानक प्राक्कलन (1 इकाई = 200 पौधे)	99
2.	निजी जमीन पर फलदार पौधा की खेती के लिए मानक प्राक्कलन (1 इकाई = 200 पौधे)	100
3.	सरकारी जमीन पर बॉस पौधारोपण की खेती के लिए मानक प्राक्कलन (1 इकाई = 200 पौधे)	101

****

अध्याय – 1

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम (MGNREGA) में सामाजिक वानिकी से सम्बंधित अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)

प्रश्न 1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम, बिहार क्या है ?

उत्तर : भारत सरकार द्वारा लागू की गयी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (MNREGA), देश के ग्रामीण क्षेत्र के सभी इच्छुक परिवार के वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में सम्मिलित रूप में 100 दिनों का अकुशल/अर्द्धकुशल कार्य के लिए रोजगार सुनिश्चित करना है।

प्रश्न 2. इसके लाभार्थी कौन होंगे?

उत्तर : महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम के अन्तर्गत सामाजिक वानिकी के लाभार्थी सभी वर्ग के निःशक्त, विधवा एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ होंगी ।

प्रश्न 03. सामाजिक वानिकी कार्य योजना बिहार में किस प्रकार से महत्वपूर्ण हैं?

उत्तर : (क) बिहार का वन क्षेत्र सिर्फ 10.3 प्रतिशत है, जबकि भारत का वन क्षेत्र 23.8 प्रतिशत है। पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिए 33 प्रतिशत वन क्षेत्र की आवश्यकता है। चूकि बिहार में वन क्षेत्र मात्र 10.3 प्रतिशत है, अतः पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए सामाजिक वानिकी एवं निजी जमीन पर फलदार पौधारोपण (एग्रो फॉरेस्ट्री) ही एक मात्र विकल्प है, जिससे यह लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा। मनरेगा के दिशानिर्देशानुसार कृषि से सम्बंधित परिसम्पतियों के सृजन हेतू 60 प्रतिशत योजनाओं का चयन किये जाने एवं उसमें सामाजिक वानिकी को सर्वोच्च प्राथमिकता दिये जाने का निदेश दिया गया है। नदी के किनारे, बाढ़ रोधक बॉध के किनारे, नहर के किनारे, सड़क के किनारे, पोखर, तालाब, पईन विद्यालय एवं अन्य सरकारी भूमि एवं लघु/सीमांत किसान के जमीन पर पौधारोपण का कार्य किया जा सकता है।

(ख) बाढ़, जल–जमाव एवं कटाव से त्रस्त उत्तरी बिहार में भूमि संरक्षण एवं सूखे से उत्पीड़ित दक्षिणी बिहार में जल संरक्षण हेतु सामाजिक वानिकी के माध्यम से स्थिति में सुधार लाना।

(ग) वन क्षेत्र में सामाजिक वानिकी के माध्यम से समुचित वृद्धि लाना ,जिससे पर्यावरण में सुधार हो सके।

(घ) सड़कों के किनारे–किनारे पेड़ लगाकर, सड़क को कटाव से बचाना तथा यातायात को सुविधाजनक बनाना।

प्रश्न 4. क्या निजी भूमि पर भी पौधारोपण कार्य कराया जा सकता है?

उत्तर : (i) हॉ, सभी बी0पी0एल0 धारी लघु एवं सीमांत किसान/अनुसूचित जाति/जन जाति, इंदिरा आवास लाभांवित परिवारों के जमीन पर भी पौधारोपण कार्य किया जा सकता है, वे खुद इस कार्य को देखेंगें और हर परिवार को 7 रूपये प्रति पौधा प्रति महिना पौधो के देखभाल के रूप मे मिलेगा । एक परिवार को 200 फलदार पौधा के लिए 1 युनिट का 1400 रूपया प्रति महिना पॉच साल तक लगातार मिलेगा।

(ii) निजी जमीन पर पौधारोपण में पौधों की देखभाल सालों भर खुद ही परिवार को करनी होगी, लेकिन सिर्फ एक परिवार को सिर्फ 7 रूपये प्रति पौधा प्रति महिना पौधो के देखभाल के रूप मे मिलेगा । एक परिवार को 200 फलदार पौधा के लिए 1 युनिट का 1400 रूपया प्रति महिना पॉच साल तक लगातार मिलेगा।

प्रश्न 5. सार्वजनिक भूमि पर पौधारोपण कार्य कैसे होगी ?

उत्तर : (i) 200 फलदार पौधा के लिए एक ही जाति के दो परिवारों को पाँच सालों के लिए संलग्न किया जायेगा। ये समूह सम्मुलित ढ़ग से पाँच वर्षो तक पौधों की देखभाल करेंगें। हर परिवार को 200 फलदार पौधा के लिए 1 युनिट का 1400 रूपया प्रति महिना पॉच साल तक लगातार मिलेगा।

प्रश्न 6. क्या सिंचाई की व्यवस्था है ?

उत्तर : हॉ, हर 200 से 400 पौधों के लिए 1 चापाकल की व्यवस्था है और हर 600 पौधों या आवश्यकतानुसार बड़ा चापाकल (Tube Well) की भी व्यवस्था की जा सकती है। पौधों के बीच अन्य फसल की खेती कर के अतिरिक्त आमदनी भी किया जा सकता है जैसे– साग, सब्जी, अरहर इत्यादि।

प्रश्न 7. कहाँ–कहाँ पौधा लगाया जा सकता है ?

उत्तर : ग्रामीण क्षेत्र की सरकारी खाली पड़ी जमीन के अलावा, ग्रामीण सड़क के किनारे, तालाब, पोखर के इर्द–गिर्द, विद्यालयों ,अस्पताल के परिसर एवं अन्य सरकारी जगहों पर लगाया जा सकता है।

प्रश्न 8. बॉस पौधारोपण की प्रकिया क्या है ?

उत्तर : 1 गढ्ढे में 5 बॉस का पौधा लगेगा अर्थात गढ्ढे के चार कोना पर चार पौधा एवं केन्द्र में एक पौधा लगेगा तथा गढ्ढा 3x3x3 का होना चाहिए। 200 गढ्ढे के लिए कुल 1000 बॉस के पौधे लगाये जायेगे । दो परिवारों को इन 1000 पौधों के देखभाल के लिए संलग्न किया जायेगा । प्रत्येक परिवार को 1400 रूपये प्रति माह 5 वर्षो तक भुगतान किया जायेगा । दो गढढे के बीच 4 मीटर की दूरी रहेगी । बॉस पौधारोपण नदी के किनारे तथा बाढ रोधक बॉध के नदी के तरफ बॉस का पौधारोपण किया जायेगा।

प्रश्न 9. क्या नदी के किनारे निजी जमीन हो तो बाँस का पौधारोपण किया जा सकता है?

उत्तर : हाँ, क्योंकि इससे बाढ़ नियंत्रण एवं मिट्टी को रोका जा सकेगा और इसमें भूमि मालिक को पौधों का स्वामित्व भी प्राप्त होगा।

प्रश्न 10. निजी भूमि पर पौधा लगाये जाने पर उसका हकदार कौन होगा?

उत्तर : निजी भूमि पर पौधा का हकदार भूमिपति को ही माना जायेगा।

प्रश्न 11. सामाजिक वानिकी से भविष्य में होने वाले लाभ क्या हैं ?

उत्तर : सामाजिक वानिकी से होनेवाले लाभ निम्नांकित हैं –

★ ग्रामीणों को न्यूट्रीशनल सिक्यूरीटी अर्थात फल उपलब्ध होना।

★ ग्लोबल वार्मिंग में तापमान को कम करने के लिए सुलभ साधन।

★ गाँव में लकड़ी एवं पशु चारा पर्याप्त मिलेगा।

★ उत्पादन बढ़ेगा क्योकि सारे जीव जन्तु के लिए मकान पेड़ होता है और जब जीव जन्तु के लिए मकान पेड़ के रूप में सृजित होगा तो फसल क्षति वाले कीड़े–मकोड़े पेड़ पर ही आश्रय लेंगे और फसल क्षति नहीं करेंगे।

★ स्कूली बच्चों एवं पथिकों को रास्ता में छाया मिलेगा।

★ वातावरण शुद्ध होगा।

★प्रश्न 12. वनपोषकों का भुगतान किस प्रकार किया जायेगा ।

उत्तर : प्रत्येक 200 पौधों अथवा एक हजार बाँस पौधों पर दो वन पोषकों को संलग्न किया जायेगा। प्रत्येक वन पोषकों को प्रत्येक माह में प्रत्येक जीवित पौधों के आलोक में 7 रूपये की राशि दी जायेगी । यह राशि प्रत्येक माह के अन्त में 90 % से ज्यादा पौधो के जीवित रहने पर ही वनपोषकों को दी जायेगी। अर्थात, प्रत्येक वन पोषक को प्रत्येक वर्ष 200x7x12 =16800 राशि प्रदान की जायेगी । यह राशि वन पोषकों को 5 वर्षो तक दी जायेगी यह दर वन क्षेत्रों में करने वाले पौधारोपन के लिए लागू नहीं रहेगा।

प्रश्न 13. अगर सामाजिक वानिकी का कार्यक्रम वार्षिक कार्य योजना में शामिल नहीं है तो क्या इसे कार्य योजना में शामिल किया जा सकता है?

उत्तर : ऐसी परिस्थिति में सभी योजनाओं को अनुपूरक कार्य योजनाओं में सम्मिलत करने हेतु मनरेगा के अंतर्गत पहले ग्राम सभा में पारित कराकर पंचायत समिति से अनुमोदित कराकर जिला परिषद को अनुमोदन हेतु भेजना आवश्यक होगा। अगर किसी स्तर पर परियोजना का अनुमोदन 15 दिनों तक प्राप्त न हो तो उसे अनुमोदित मानकर क्रियान्वयन शुरू किया जा सकता है तथा इस संदर्भ में विभागीय पत्रांक संख्या–9106 दिनांक 16.07.2011 स्पष्ट निदेश है।

प्रश्न 14. इस परियोजना का वृहत लक्ष्य क्या है?

उत्तर : प्रत्येक पंचायत द्वारा फलदार एवं विभिन्न लकड़ी का पौधारोपण कर पाँच साल तक प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के परिवार को रोजगार सृजित करना है।

अध्याय – 2

मनरेगा (MGNREGA) के तहत सामाजिक वानिकी का क्रियान्वयन

1. एक परिचयः–

(I) सामाजिक वानिकी का मूल उद्देश्य –

i. सामाजिक वानिकी का मूल उद्देश्य Food, Fuel, Fodder का उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाना ।

ii. ग्रामीण क्षेत्रों में फलों का उत्पादन बढ़ा कर ग्रामीण बच्चों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराना एवं कृषि आधरित लघु उद्योग यथा जूस, जेली, जैम आदि को बढ़ाना ।

iii. बाढ, जल जमाव एवं कटाव आदि से भूसंरक्षण करना । उत्तर बिहार में Working Season मात्र छः माह ही रहता है। यहां पौधरोपण से सालों भर मजदूरों को फैक्ट्री की तरह रोजगार उपलब्ध करवाया जा सकता है।

(II) मनरेगा अधिनियम की जानकारी – यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियमित राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–2005 दिनांक 25 अगस्त, 2005 से लागू की गयी है। दिनांक 2 अक्टूबर 2009 से इसका नाम परिवर्तित कर महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम किया गया है। संक्षेप में इस योजना को मनरेगा योजना कहा जाता है।

इस अधिनियम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक गृहस्थी को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, को इस अधिनियम के अधीन बनाये गये स्कीम के अंतर्गत हर वित्तीय वर्ष में सम्मिलित रूप से 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने की गारंटी दी गई है।

अधिनियम में अनूसूची–1 में निर्धारित निम्नलिखित प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का सम्पादन किया जाना हैः–

(i) जल संरक्षण एवं जल संचय :

(ii) सूखा रोधी कार्य, वृक्षारोपण और वन संरक्षण सहित;

(iii) सिंचाई के लिए सूक्ष्म एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं सहित नहरों का निर्माण;

(iv) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गृहस्थियों या गरीबी रेखा से नीचे या भूमि सुधार के हिताधिकारियों या कृषि ऋण अधित्यजन और ऋण राहत स्कीम, 2008 में यथापरिभाषित लघु कृषक या सीमांत कृषकों की स्वामित्वाधीन भूमि के लिए सिंचाई का प्रसुविधा, बागवानी बगान और भूमि विकास का प्रसुविधा का उपबंधः परन्तु यह कि निम्नलिखित शर्त पूरी करता हो, अर्थात् :–

(क) व्यैष्टिक भूमि स्वामी कार्य कार्ड धारक हो और परियोजना में भी कार्य कर रहा हो

(ख) ऐसी प्रत्येक परियोजना के लिए श्रमिक सामग्री का अनुपात 60:40 में ग्राम पंचायत स्तर पर रखा जाएगा।

(ग) परियोजना ग्राम सभा और ग्राम पंचायत द्वारा अनुमोदित होगी तथा परियोजनाओं के वार्षिक शेल्फ का भाग होगी।

(घ) कार्य के निष्पादन में कोई ठेकेदार या मशीनरी प्रयुक्त नहीं होगी और

(ड.) कोई मशीनरी क्रय नहीं की जायेगी।

(v) परंपरागत जल श्रोतों के पुनर्नवीकरण हेतु जलाशयों से गाद की निकासी;

(vi) भूमि विकास;

(vii) बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा परियोजनाएं, जिनमें जल भराव से ग्रस्त इलाकों में पानी की निकासी भी शामिल है;

(viii) गाँवों में सड़कों का व्यापक जाल बिछाना ताकि सभी गाँवों तक बारहों महीने सहज आवाजाही हो सके। सड़क निर्माण परियोजनाओं में जरूरत के हिसब से पुलिया भी बनाई जा सकती है और गांव के भीतर सड़कों के साथ–साथ नालियां भी बनाई जा सकती है;

(III) योजना का लक्ष्य –

i. ग्रामीण क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्चपथ, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अन्य ग्रामीण क्षेत्र की सड़के, गाँव के अन्दर व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक तरीके से पौद्यारोपण कराने हेतू सभी विकलांग, विधवा एवं सभी अनुसुचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति महिला को 100 दिनों का संमतुल्य रोजगार देने का लक्ष्य सामाजिक वानिकी में है।

ii. वन क्षेत्र को कम से कम राष्ट्रीय औसत अर्थात 23.8 पर 10.8 से लाने के लिए ।

iii. हर ग्रामपंचायत में 6000 से 7000 पौधा लगाया जाय तो 1 प्रतिशत वन क्षेत्र बढ़ाया जा सकता है।

iv सभी स्कूल, पंचायत भवन, ग्राम सभा स्थल, सभी नदी के किनारे, बाढ़ बांध के किनारे वृक्षारोपण कर मिट्टी संरक्षण करना तथा ग्रामीण क्षेत्र का सर्वागीण विकास करना ।

v. ग्रामीण क्षेत्रो में फलदार पौधा रोपन कर ग्रामीण बच्चों को पोषण सुरक्षा उपलब्ध कराना ।

2. मनरेगा अंतर्गत पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा किये जानेवाले कार्य :–

I. कार्य की विवरणी:–

i. वन क्षेत्रों के अन्दरः–

(क) अवकृष वनों का पुनर्वास कार्य।

(ख) पूर्व के वृक्षरोपण स्थलों पर मृदा नमी संरक्षण कार्य, सुरक्षा एवं पौधों का संवर्द्धन कार्य।

(ग) वन क्षेत्रों में ट्रैंच घेरान के साथ–साथ मृदा–नमी संरक्षण कार्य।

(घ) वन क्षेत्रों के अन्दर झील, तालाब एवं अन्य छोटे जल संरक्षण संरचना का निर्माण एवं पुनरूद्धार कार्य।

(ड़) वन क्षेत्र के अंर्तगत सूक्ष्म एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं सहित नहरों का निर्माण।

(च) वन भूमि विकास कार्य।

(छ) वन क्षेत्र के अंतर्गत गाँवों तक बारहों महीने सहज आवाजाही हेतु सड़क निर्माण।

ii. वन क्षेत्रों के बाहर :–

(क) सरकारी एवं अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गृहस्थियों या गरीबी रेखा से नीचे या भूमि सुधार के हिताधिकारियों या भारत सरकार की इंदिरा आवास योजना के अधीन हिताधिकारियों या कृषि ऋण अधित्यजन और ऋण राहत स्कीम, 2008 में यथापरिभाषित लघु कृषक या सीमांत कृषकों की स्वामित्वाधीन बंजर एवं खाली पड़ी भूमि पर मृदा नमी संरक्षण कार्य के साथ वृक्षारोपण।

(ख) नहर तट एवं नदी तटबंध के किनारे वृक्षारोपण कार्य।

(ग) राष्ट्रीय, राज्य एवं अन्य पथों के किनारे वृक्षारोपण।

(घ) नदी के किनारे की खाली जमीन पर वृक्षारोपण।

(ड़) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गृहस्थियाँ या गरीबी रेखा से नीचे या भूमि सुधार के हिताधिकारियों या भारत सरकार की इंदिरा आवास योजना के अधीन हिताधिकारियों या कृषि ऋण अधित्यजन और ऋण राहत स्कीम, 2008 में यथापरिभाषित लघु कृषक या सीमांत कृषकों की स्वामित्वाधीन भूमि पर कृषि वानिकी (फार्म फॉरेस्ट्री एवं एग्रो फॉरेस्ट्री)।

(च) पौधशाला (किसान एवं विभागीय) की स्थापना एवं वानस्पतिक खाद निर्माण।

(छ) जल संरक्षण एवं मृदा नमी संरक्षण एवं वानिकीकरण से संबंधित अन्य कार्य।

3. मनरेगा अंतर्गत योजनाओं का चयन एवं योजना के क्रियान्वयन निकाय का चयन

(I) योजनाओं का चयन/अनुमोदन ग्राम सभा, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद् द्वारा किया जाता है। क्रियान्वयन ऐजेंसी का चयन भारत सरकार द्वारा निर्गत मनरेगा की मार्गनिर्देशिका, 2008 के अनुसार क्रियान्वयन निकाय के तकनिकी कार्यदक्षता संबंधी संसाधन, सासमय कार्य पूर्ण करने की क्षमता एवं इससे संबंधित प्रमाणित अनुभव के आधार पर किया जाना है जिसके लिए कार्यक्रम समन्वयक जिम्मेवार है। वृक्षारोपन की योजनाएँ प्रर्यावरण एवं वन विभाग के द्वारा वन क्षेत्र में क्रियानवित होने के संन्दर्भ में लाईन डिपाटमेन्ट के रूप में पर्यावरण एवं वन विभाग क्रियानवयन एजेन्सी होंगे एवं साथ में डी.एफ.ओ. (DFO) पी.ओ. (PO) की भुमिका निभाएंगे। जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा हर कार्य के लिए क्रियान्वयन निकायों का पैनल प्राथमिकता के साथ तैयार किया जाना है।

(II) अगर Shelf of Projects में वर्षा ऋतु में मौसमी व्यवहार्यता के आलोक में काम के मॉग के आकलन के अनुरूप योजनाएँ चयनित नहीं है तो जिला कार्यक्रम समन्ययक–सह–जिला पदाध्किारी का दायित्व है कि योजनाएँ के चयन हेतु निर्धारित प्रक्रियाऑ का अनुपालन करते हुए पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण संबंधी योजनाएं चयनित कराते हुए, जिला वार्षिक कार्य योजना में जोड़ते हुए प्राक्कलन तैयार करा कर तकनीकि एवं प्रशासनिक स्वीकृति के साथ ग्राम पंचायत एवं अन्य कार्यान्वयन निकायों को उपलब्ध करा दी जाय।(द्रष्टव्य पत्रांक 9106 दिनांक 16.07.2011 संलग्न)

(III) सभी योजनाओं का unique location code होना चाहिए ।

(IV) वृक्षारोपण संबंधी योजना पूरे पाँच वर्ष की अवधि की बनाई जायेगी जिसमें वर्षवार एवं माहवार कार्य का ब्योरा एवं आवश्यक राशि अंकित रहेगी।

(V) वन प्रमंडल कार्यालय द्वारा वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के माध्यम से मजदूरों की मजदूरी का भुगतान सीधे मजदूरों को eFMS के माध्यम से बैंक / पोस्ट ऑफिस के बचत खाता में किया जाएगा।

(VI) पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित कि जा रही योजनाओं की निरीक्षण / जाँच भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्गत मनरेगा के अद्यतन मार्गनिर्देशिका तथा विभागीय निर्देश के तहत निर्धारित मापदण्ड के अनुसार किया जाएगा।

(VII) अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, मनरेगा योजना अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्गत मनरेगा के अद्यतन प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा भी गुणवत्ता का अनुश्रवण एवं उतरोत्तर सुधार हेतु मूल्यांकन कर निर्धारित समय पर प्रगति प्रतिवेदन समर्पित किया जाएगा।

4. कार्यक्रम पदाधिकारी,कनीय अभियन्ता,PTA,PRS,के कार्य

(I) कार्यक्रम पदाधिकारी का कार्य

(i) इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से चालू करने हेतू ग्राम पंचायत एवं जिला स्तर पर समन्वय स्थापित करना ।

(ii) ग्राम पंचायत स्तर के सम्बन्धित अधिकारियों, ग्राम पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्य तथा लाभार्थियों की मीटिंग बुलाकर एक–दूसरे से परिचय कराना तथा उनके दायित्वों एवं योजना के क्रियान्वयन प्रक्रिया से सबों कों अवगत कराना ।

(iii) 50 प्रतिशत से अधिक पौधों की मृत्यु जिन–जिन योजनाओं में होती है उन योजनाओं का स्थल निरीक्षण करना एवं कारण की खोज करना तथा कीट एवं रोग से पौधों के मरने की अशंका होने पर पौधा संरक्षण विकास या बागवानी मिशन के पदाधिकारियों से तकनीकी राय लेकर उन पौधों को बदलना एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना ।

(iv) पंचायत द्वारा सामग्री एवं पौधों के क्रय के दौरान उनकी गुणवता सुनिश्चित करना ।

(v) वानिकी या बागवानी की योजना का स्थल निरीक्षण माह में कम से कम एक बार करना तथा लाभार्थियों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं एवं कठिनाईयों को समझना एवं उनका निराकरण करना ।

(II) कनीय अभियंता का कार्य

(i) जिस योजना में मृत पौधों की संख्या 20 प्रतिशत से अधिक हो उस योजना की विस्तृत जॉच कर प्रतिवेदन (कारण के साथ) कार्यक्रम पदाधिकारी को सौपना ।

(ii) जरूरत पड़ने पर किसी भी योजना में पंचायत रोजगार सेवक को तकनीकी सहायता प्रदान करना।

(iii) लाभार्थियों को लगाये गये पौधों के विषय मे ध्यान देने योग्य तथ्यों से अवगत कराना ।

(III) पंचायत तकनीकी सहायक का कार्य :—

(i) तकनीकी स्वीकृति प्रदान करना ।

(ii) हर योजना को कम से कम पंद्रह दिन में एक बार जाँच करना तथा लाभार्थियों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं को पूरा करना ।

(iii) पंचायत रोजगार सेवक के द्वारा किये गये कार्यो के कार्यप्रगति प्रतिवेदन का स्थल निरीक्षण कर सत्यापित प्रतिवेदन कार्यक्रम पदाधिकारी को समर्पित करना ।

(IV) पंचायत रोजगार सेवक का कार्य :—

(i) ग्राम वासियों को वृक्षोरोपण के कार्यो की विस्तृत जानकारी देना तथा वानिकी एवं बागवानी कार्यक्रम का प्रचार—प्रसार करना ।

(ii) बागवानी के इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करना एवं प्राक्कलन तैयार करना और ग्राम सभा में पारित करना ।

(iii) वानिकी का सर्वे तथा प्राक्कलन तैयार करना एवं ग्राम सभा से पारित करना

(iv) प्राक्कलन का तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करना।

(v) मजदूरी का ससमय भुगतान eFMS के माध्यम से लाभार्थियों के डाकघर/बैंक के बचत खाता में जमा कराना ।

(vi) कार्यक्रम के हर योजना को सप्ताह में एक बार जाँच कर फोटो के साथ upload करना ।

(vii) अन्य कार्य जो उन्हें पूर्व से आवंटित है उनका संपादन करना ।

(viii) जहां मेट नहीं वहां मेट का दायित्व निभाना ।

5 कार्य की प्रक्रिया

(I) वन क्षेत्रों के लिएः— वन क्षेत्रों के लिए कंडिका 2. I (क) के तहत की जानेवाली योजनाओं का सूत्रण वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर पर विभागीय मानक कार्य दर के अनुसार स्थल विशेष की आवश्यकता यथा—सुरक्षा, संरक्षण, संवर्द्धन के साथ—साथ मृदा—नमी जल संरक्षण कार्य उपायों को समाहित कर किया जायेगा।

(II) वन क्षेत्र के बाहर की भूमि पर वानिकीकरण इत्यादि के लिएः—

(i) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गृहस्थियों या गरीबी रेखा से नीचे या भूमि सुधार के हिताधिकारियों या भारत सरकार की इंदिरा आवास योजना के अधीन हिताधिकारियों या कृषि ऋण अधित्यजन और ऋण राहत स्कीम, 2008 में यथापरिभाषित लघु कृषक या सीमांत कृषकों की स्वामित्वाधीन भूमि पर ब्लॉक वृक्षारोपण होगा यदि उनके पास जॉब कार्ड उपलब्ध हो और वे स्वयं कार्य करने को तैयार हो ।

(ii) दलित—महादलित टोलों में वृक्षारोपणः—

दलित—महादलित टोलों में टोला के आसपास की जमीन पर 200 फलदार पौधा का रोपण किया जाना चाहिए। पौधों की सिंचाई के लिए एक चापाकल की व्यवस्था रहेगी एवं 200 पौधा की सुरक्षा, संरक्षण, सिंचाई, कोड़नी—निकौनी आदि कार्य के लिए 5 वर्ष तक 2 वन पोषकों को भुगतान किया जायेगा।

(iii) पथ तट, नहर तट, तटबंध, नदी के किनारे, सरकारी भूमि पर वृक्षारोपणः—

(क) राज्य में राष्ट्रीय उच्च पथ, राज्य पथ, नहर किनारे एवं नदी तटबंध पर वृक्षारोपण की जिम्मेवारी पर्यावरण एवं वन विभाग की है। इससे भिन्न स्थानों पर सामाजिक वानिकी अन्तर्गत वृक्षरोपण का दायित्व सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत को प्रतिनिधानित किया गया है।

(ख) जहाँ पर एक पंक्ति के लिए सड़क किनारे जमीन उपलब्ध है वहाँ पर फलदार पौधे को प्राथमिकता दी जायेगी। पौधों के बीच की दूरी 6 मीटर रखी जायेगी।

(ग) जहाँ पर पर दो पंक्ति के लिए सड़क किनारे जमीन उपलब्ध है वहाँ पर प्रथम पंक्ति में लकड़ी पौधों का रोपण किया जायेगा एवं द्वितीय पंक्ति में फलदार पौधों का रोपण किया जायेगा।

(घ) तीन पंक्तियों के लिए जमीन उपलब्ध होने पर सड़क किनारे पहली पंक्ति में ओरनामेंटरल, दूसरी पंक्ति में फलदार एवं तीसरी पंक्ति में काष्टट जनित लम्बी उम्र वाले पौधों का रोपण किया जायेगा।

(ड़) प्रजाति का चयन स्थानीय जलवायु, मिट्टी एवं स्थल की प्रकृति के आधार पर किया जायेगा।

(च) नहर एवं नदी किनारे विशेष सतकर्त्ता के साथ व्यावसायिक एवं काष्ठ जनित पौधों का रोपण किया जायेगा। नहर एवं तटबंध की मजबूती एवं मृदा क्षरण रोकने वाली जगह पर विशेष रूप से मिट्टी पकड़ने वाले पौधों यथा बांस एवं अन्य झाड़ीदार पौधों का रोपण किया जायेगा।

(छ) नदी तल यदि निजी भूमि के तहत आता हो तो मिट्टी के कटाव एवं मृदा संरक्षण हेतू बाँस पौद्या रोपण किया जा सकता है।

(ज) बड़े पौधों के लिए 60x60x60 सेंटीमीटर तथा छोटी पौधों के लिए 30x30x30 सेंटीमीटर का पीट बनाने का प्रावधान किया जायेगा।

(झ) राष्ट्रीय उच्च पथ के किनारे सड़क के EDGE OF SHOULDER से 6 मीटर के बाद या सड़क के TOE के तटबंध से 1 मीटर बाद में प्रथम पंक्ति का पौधारोपण किया जायेगा।

(ट) बाढ़ संरक्षण बांध से नदी तरफ 3 मीटर पर बांस का पौधा एवं मिट्टी बांधने वाली छोटी उँचाई के झाड़ीदार पौधों को प्राथमिकता दी जायेगी। बांस रोपण के लिए 60x60x60 सेंटीमीटर का पीट खोदा जायेगा जिसके चारो किनारे पर चार पौधा तथा बीच में एक पौधा यानि प्रत्येक पीट में पाँच पौधों का रोपण किया जायेगा ताकि बांस का झाड़ जल्द स्थापित हो सके। एक पीट से दूसरे पीट की दूरी 4 मीटर रखी जायेगी।

6. व्यक्तिगत विकास हेतु बागवानी :–

(I) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की अनुसूची–1 कंडिका–1 स पारा–4 के अन्तर्गत यह प्रावधन है कि अनुसूचित जाति/जनजाति एवं गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों या भूमि सुधार के लाभान्वितों या इंदिरा आवास योजना के लाभान्वितों एवं लघु एवं सिमांत किसानों की भूमि के लिए सिंचाई सुविधा, बागवानी एवं भूमि विकास सुविधा उपलब्ध है। इसी के तहत् बागवानी परियोजना विकास के लिए भूमि विकास, सिचाई की सूविधा भी कराया जा सकता है।

(II) बागवानी लगाने के लिए लाभान्वित का चयन ग्राम सभा में किया जायेगा।

(III) बागवानी हेतु लाभान्वितों की इच्छानुसार भौगोलिक स्थित के आधार पर पौधा का चयन किया जायेगा ।

(IV) इस बागवानी में अगर भूमि विकास करना चाहे, जैसे ड्रेनेज, काउंटर बांध कराना चाहे तो किया जा सकता है। इसके लिए अलग से प्राक्कलन बनाया जायेगा ।

(V) भुगतान की प्रक्रिया वहीं रहेगी जैसा सार्वजनिक भूमि के लिए प्रावधान किया गया है।

7. पौधा रोपण का समयः–

सिचाई की व्यवस्था होने पर दिसम्बर से फरवरी एवं मई से जुन छोड़ कर किसी भी समय पौधारोपण किया जा सकता है।

8. पौधा प्रजाति का चयन :—

(I) पौधा प्रजाति का चयन :— सामाजिक वानिकी / बागबानी के लिए पौधो का चयन करने में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। वहाँ के वातावरण, मिट्टी, जल की उपलब्धता आदि के अनुसार ही पौधों की प्रजातियों का चयन होना चाहिए। बागवानी मिशन के अनुसार आम, लीची, अमरूद, जामुन, शरीफा, अनार, सहजन, नींबू तथा कटहल उत्तर बिहार के लिए उपयोगी फलदार पौधा है। दक्षिण बिहार में आम, अमरूद, जामुन, सपोटा अनार, सहजन, नींबू, कटहल आदि लगा सकते है।

(II) बड़े वृक्षो से तात्पर्य निंबु, आँवला, अमरूद, शरीफा, अनार, एवं सहजन के अलावे अन्य वृक्षों से है।

(III) सभी ओरनामेन्टल वृक्ष सिवाय गुलमोहर, अशोक, अमलतास के अलावे अन्य, छोटे वृक्ष की श्रेणी में आयेंगे ।

9. वनपोषकों का भुगतान :—

(I) प्रत्येक 200 पौधों पर दो वन पोषकों को संलग्न किया जायेगा। प्रत्येक वन पोषकों को प्रत्येक माह में प्रत्येक जीवित पौधे के आलोक में 7 रूपये की राशि दी जायेगी । यह राशि प्रत्येक माह के अन्त में वनपोषकों को दी जायेगी । अर्थात, प्रत्येक वन पोषक को प्रत्येक वर्ष 200x7x12 =16800 राशि प्रदान की जायेगी । यह राशि वन पोषकों को 5 वर्षों तक दी जायेगी । उत्तर बिहार मे 90 प्रतिशत से ज्यादा पौधो के जीवित रहने पर 7 रूपये की दर से, 75–89 प्रतिशत पौधो के जीवित रहने पर 3.5 रूपये की दर से एवं 75 प्रतिशत से कम रहने पर परिवार द्वारा पौधों को नये पौधो से बदल दिया जायेगा। दक्षिण बिहार में 75 प्रतिशत से ज्यादा पौधो के जीवित रहने पर 7 रूपये की दर से, 65–74 प्रतिशत पौधो के जीवित रहने पर 3.5 रूपये की दर से एवं 65 प्रतिशत से कम रहने पर परिवार द्वारा पौधों को नये पौधो से बदल दिया जायेगा। यह 7रू0 का दर भारत सरकार से जबतक परिवर्तित नहीं होता तबतक लागू रहेगा ।

(II) प्राक्कलन (Estimate) में दिया गया दर पॉच वर्षो तक लागू रहेगा ।

10. वन पोषकों का चयन एवं दायित्व :—

(I) हर इकाई के लिए यथा संभव एक ही समुदाय का दो परिवार संलग्न रहेगा। परिवार के पास जॉब कार्ड होना अनिवार्य है।

(II) यथा संभव पौधारोपण जिस स्थान पर होगा उसी क्षेत्र के आसपास के परिवारों का समूह बनाना है।

(III) हर समूह में हर 6 इकाई के लिए 12 परिवारों की महिलाओं को संलग्न करना आवश्यक है। इसे जीविका के अंतर्गत अन्य योजना से अभिसरण कराया जा सकता है।

(IV) जो परिवार नियमानुसार उत्तर बिहार में 75 प्रतिशत तथा दक्षिण बिहार में 65 प्रतिशत से अधिक पौधों को जीवित नहीं रख पायेंगें उनके स्थान पर ग्राम सभा द्वारा उसी क्षेत्र/समुदाय के अन्य परिवार को रखा जायेगा।

11. (I) वन पोषक के चयन की प्रक्रिया :– इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का चयन ग्राम–सभा में किया जायेगा । अनुसुचित जाति/जनजाति की महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी । इनके संतृप्त (Saturate) होने के पश्चात भूमिहिन मजदूर वर्ग के लोगों को कार्य दिया जायेगा एवं इस वर्ग के लोगों के संतृप्त होने पर अन्य लोगों को कार्य में लगाया जायेगा ।

(II) इन सबो में सबसे ज्यादा प्राथमिकता विधवा, तथा विकलांग को दी जायेगी ।

(III) इन लाभार्थियों को वन पोषक के नाम से जाना जायेगा ।

(IV) वन पोषक का चयन करते समय 200 पौधों के लिए दो व्यक्तियों के समूह का चयन किया जायेगा । 200 पौधों की इकाई की देख –रेख के लिए दो वन पोषको को पॉच वर्षो के लिए संलग्न किया जायेगा ।

(V) वन पोषक का कर्त्तव्य पौधा को पॉच वर्ष तक पानी पटाना, गाछ निकालना एवं उसकी रक्षा करना आदि भी रहेगा ।

(VI) पहले पौधा रोपण को प्राक्कलन के अनुसार संबंधित वार्ड सदस्य या सरकार द्वारा चयनित अन्य एजेन्सी द्वारा कराया जायेगा तथा वन पोषक को उसे शीघ्र रोपने के बाद एक सिंचाई करने के बाद ही हस्तगत करायेगा । इसमें जीवित पौधा का सत्यापन, मजदूरी एवं पौधा लगाने वाले एजेन्सी के प्रतिवेदन का सत्यापन पंचायत रोजगार सेवक से कराया जायेगा ।

(VII) पौधा–रोपण वार्ड सदस्य या विभागीय एजेन्सी द्वारा कराया जायगा अथवा पौधों की देखभाल के लिए तीन वर्षों का जो रोस्टर बनवाया गया है, उसी समूह से कार्यान्वित कराया जायेगा ।

(VII) पौधों के हस्तरान्तरन के दिन से ही वन पोषक की ड्यूटी शुरू हो जायेगी ।

(VIII) पानी ले आने और पटवन करने, खरपतवार निकालना एवं संरक्षण करने की जिम्मेवारी वन पोषक की होगी । परन्तु सिंचाई की व्यवस्था यथा संभव ग्राम पंचायत को करनी होगी । जैसे– चापाकल, कुँआ आदि जिसकी लागत योजना प्रपत्र में सम्मिलित कर देना होगा ।

12. सामग्री खरीदः–

(I) विभाग द्वारा चयनीत फैसिलिटेटर के माध्यम से सरकारी नर्सरी से पौधों का उठाव किया जायेगा एवं कार्य स्थाल तक पहुँचाया जायेगा । यदि सरकारी नर्सरी में पौधे उपलब्ध नहीं हो तो फैसिलिटेटर द्वारा विभाग द्वारा निर्धारित Schedule of Rates के

आलोक में वृक्षा रोपन हेतू पौधे उपलब्ध कराये जायेंगे। फैसिलिटेटर द्वारा स्वयं सहायता समुह को प्रशिक्षण देते हुए नर्सरी स्थापना में सहयोग किया जायेगा ।

(II) फैसिलिटेटर के भुगतान हेतू उनके बैंक एकाउन्ट को Freeze कर आवंटित जिले में Vendor Registration कर eFMS के माध्यम से किया जायेगा ।

13. सिंचाई व्यवस्था :–

इस योजनांतर्गत सिंचाई की व्यवस्था के लिए चापाकल लगाना है और जहाँ चापाकल नहीं गाड़ा जा सकता है, वहाँ दूर से पानी लाकर सिंचाई की व्यवस्था के साथ–साथ जीवामृत की व्यवस्था की जायेगी।

14. मेट रखने की प्रक्रियाः–

(I) 40 वनपोषकों के लिए एक मेट रखा जायेगा और मेट रखने हेतु पृथक प्राक्कलन तैयार किया जायेगा। इस प्राक्कलन में 40 पौधारोपण इकाई की विवरणी आवश्यक है। इसे अभिलेखों की संख्या के साथ दिया जाना है।

(II) मेट का चयन ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक 10 दिनांक 02.01.2007 में दिये गये दिशानिदेश एवं समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जायेगा। (annexed)

15. मेट का दायित्व :–

(I) मेट द्वारा समूह के सभी सदस्यों को निर्धारित कार्य क्षेत्र, रोस्टर की अवधी, न्यूनतम मजदूरी प्राप्त करने हेतु कितने पौधों को जीवित रखना है, इत्यादि से संबंधित समुचित जानकारी उपलब्ध कराना।

(II) प्रतिदिन कार्य प्रारंभ होने के समय समस्त मजदूरों की हाजरी लेना एवं मस्टर रॉल संधारण करना तथा निरीक्षण के समय निरीक्षणकर्त्ता को मस्टर रॉल उपलब्ध कराना।

(III) प्रत्येक सप्ताह पौधो का आकलन कर फोटो के साथ upload करना ।

(IV) फस्ट–ऐड–बॉक्स रखना। FIRST AID BOX में परिवार कल्याण का सामान यथा–निरोध (कंडोम), पिल्स एवं अन्य आवश्यक दवायें जो आशा कार्यकर्त्ता के पास उपलब्ध रहता है उसे भी उपलब्ध कराया जायेगा।

(V) लाभार्थियों द्वारा पौधों की समुचित रख–रखाव की प्रक्रिया यथा–खाद डालना, कीट से बचाव हेतु कीटनाशक डालना, पटवन कराना तथा मृत पौधों को बदलाव कराने पर परामर्श देना।

(VI) लाभार्थियों का डाकघर/बैंक में बचत खाता खोलवाना।

(VII) लाभूकों को समय पर भुगतान कराने हेतु वनपोषक को सहयोग करना।

(VIII) हर सप्ताह मृत पौधों के स्थान पर पौधारोपण करवाना।

(IX) वनों के क्षेत्र पदाधिकारी/वनपोषक द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देश का अनुपालन करना।

16. पौधा की क्षति होने पर पुनः पौधारोपण करने के संबंध में:–

(I) बाढ़, सुखाड़, आपदा तथा नील गाय या अन्य प्राकृतिक प्रकोप से पौधा की क्षति होने पर उस स्थान पर पुनः पौधारोपण किया जायेगा। पुनः पौधारोपण करने के पहले क्षति का फोटोग्राफ के साथ सत्यापन वनो के क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

(II) पुनः पौधारोपण में जो खर्च होगा वह योजना का पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कराकर वहन किया जायेगा।

(III) किसी जगह में मेट अथवा विभागीय कर्मियों की लापरवाही से कोई सड़क की दूरी या कैनाल/बाँध पर सही ढंग से पौधा नहीं लगाने पर होने वाली क्षति के लिये संबंधित व्यक्तियों एवं पदाधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी और ऐसी क्षति में पुनः पौधारोपण सही ढंग से संबंधित योजना स्थल पर किया जायेगा।

17. प्राक्कलन तैयार करने की प्रक्रिया :–

(I) सामाजिक वानिकी के अंतर्गत पथ मेट, नहर तट, तटबंध, किसानों की जमीन पर वृक्षारोपण का कार्य ग्रामीण विकास विीाग द्वारा तैयार किये गये Schedule of Rates के आधार पर किया जाएगा।

(II) वन क्षेत्रों के अंतर्गत की योजनाओं का कार्य पर्यावरण एवं वन विभाग के Schedule of Rates में निर्धारित मापदण्डों के आधार पर प्राक्कलन तैयार कर किया जायेगा।

(III) हर अभिलेख में प्रशासनिक स्वीकृति देने के पहले वनपोषक का नाम लिखना सुनिश्चित किया जायेगा।

(IV) वृक्षारोपन हेतु मानक प्राक्कलन (Model Estimates) संलग्न है।

18. सरकारी भूमि पर वृक्षारोपण की योजना के समाप्ति के उपरांत देखभाल किया जाना:–

इस संबंध में विस्तृत निर्देश वन संरक्षण योजना संलग्न की जा रही है। नये निर्देश के आलोक में 20 के जगह 50 पौधे वृक्ष पट्टा के रूप में प्रदान किये जाऐंगे। वन संरक्षण योजना का अन्य दिशानिदेश यथावत रहेगा।

19. विविध :–

योजना से संबंधित जानकारी एक टॉल फ्री नम्बर–1800–120–8001 डायल कर प्राप्त की जा सकती है। इस टॉल फ्री नम्बर पर काम की मांग हेतु आवेदन तथा मनरेगा संबंधी शिकायत भी ली जाती हैं।

अध्याय – 3

सामाजिक वानिकी हेतु सूचीबद्ध फैसिलीटेटर के कार्य एवं दायित्व

I फैसिलीटेटर द्वारा निम्न कार्यो को सम्पादित किया जायेगाः–

1. मनरेगा के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवारों की महिलाओं को जोड़ते हुए स्वयं सहायता समूह बनाना एवं उनके अधिकारों (entitlementes) एवं मनरेगा के अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना ।

2. मनरेगा के तहत कार्यरत एजेंसी, यथा ग्राम पंचायतों एवं व्यक्तिगत लाभार्थियों के बीच सामाजिक वानिकी/कृषि वानिकी के लाभों /फायदो के विषय में जानकारी प्रदान करना।

3. सामाजिक वानिकी/कृषि वानिकी से संबंधित विभिन्न कार्यो/क्रियाकलापों का सर्वेक्षण (Survey), आयोजना (Planning), प्राक्कलन (Estimate), मूल्यांकन (Evaluation) इत्यादि हेतु व्यक्तिगत लाभुको के साथ–साथ परियोजना क्रियान्वयन ईकाई को सहयोग प्रदान करना।

4. अच्छी गुणवतायुक्त पौधों एवं अन्य तत्वों को ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा तय किए गए दर पर प्रदान करना ।

5. स्वयं सहायता समूहो को नर्सरी स्थापित करने हेतु प्रशिक्षण एवं नर्सरी की स्थापना में सहयोग करना, तथा इनके द्वारा उत्पादित पौधों को ग्राम पंचायत क्रियान्वयन एजेंसी से संबद्ध कर विभाग द्वारा निर्धारित दर पर खरीदने की व्यवस्था मनरेगा नियमों के तहत करना।

6. इच्छुक लाभार्थियों का नाम मनरेगा के अंतर्गत जोड़ना एवं उन्हें जॉब कार्ड प्रदान करते हुए बैंक/पोस्ट ऑफिस के साथ संबद्ध करना ।

7. इच्छुक जॉबकार्डधारियों को रोजगार/काम की मांग का रजिस्ट्रेशन करवाना ।

8. वृक्षारोपण हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करना एवं पाँच वर्षों के लिए रख रखाव हेतु प्राशिक्षित करना।

9. उपस्थिति बनवाने में, मापी करने में, एम0आई0एस0 (MIS) अद्यतन कराने में, बैंक/पोस्ट ऑफिस के माध्यम से मजदूरी का भुगतान कराने में एवं रिर्पोटिंग में सहयोग प्रदान करना ।

10. ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा प्रदत GIS मैपिंग सुविधा एवं अन्य अनुश्रवण तकनीकों को सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करना।

11. वृक्ष संरक्षण योजना के अंतर्गत पौधों के वितरण (वृक्ष पट्टा) में सहयोग करना एवं विभाग द्वारा दिये गये निदेश के अनुसार लाभार्थियों को वृक्ष पट्टा के लाभ लेने में सहयोग प्रदान करना ।

12. उत्पादो को सीधे बाजार एवं खाद्य प्रसंस्करण/बायोडिजल निष्कर्षण उद्योगों से संबद्ध करना एवं विभाग के द्वारा निर्धारित न्युनतम समर्थन मूल्य पर व्यक्तिगत लाभार्थियों को उत्पाद को खरीदने की व्यवस्था करना ।

13. व्यक्तिगत लाभार्थियों, परियोजना क्रियान्वयन इकाई एवं मनरेगा क्रियावन्यन से संबद्ध लोगों का मोडयूल (Module) आधारित प्रशिक्षण/क्षमतावर्धन करना ।

14. मजदूरों, खासकर वैसी महिला मजदूर जो स्वयं सहायता समूह से जूड़ी हो, उन्हें मनरेगा के साथ–साथ अन्य जीविकोपार्जन कार्यक्रम के साथ संबंद्ध करना ।

15. जिला, प्रखंण्ड एवं ग्राम पंचायतो में मनरेगा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ सहयोग करना ।

16. वितीय एवं भौतिक प्रगति से संबंधित विभिन्न अनुश्रवण रिर्पोट तैयार करने में सहायता प्रदान करना।

17. फैसिलिटेटर का यह दायित्व होगा कि वो अपेक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराऐगे ताकि उपर वर्णित कार्यो का निर्वहन हो सके । इस हेतु प्रत्येक प्रखण्ड को एक क्लस्टर इंकाई के रूप में माना जाएगा ।

18. वर्ष 2012–13 तक की गयी वृक्षारोपण के सभी योजनाओं को बन्द कराकर उन पौधों को वृक्ष संरक्षण योजना के अन्तर्गत 50–50 पेड़ गरीबी रेखा से नीचे गुजर–बसर करने वाले परिवारों को दिया जाना (पूर्व में इस योजना के अन्तर्गत 20–20 पौधा दिया जा रहा था उन परिवारों को 20 पौधों की जगह में 50 पौधा दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा) ।

19. वर्ष 2013–14 एवं वर्ष 2014–2015 में वृक्षारोपण की सभी योजनाओं को बन्द कराकर उन सभी योजनाओं को पुनः नये दिशा–निदेश के अनुसार नये रेकर्डस खोलते हुए चार वनपोषक के स्थान पर दो वनपोषक को सम्बद्ध किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस दरम्यान पूर्व में दिये गये दिशा–निदेश के अनुसार एक बड़ा पौधा से दूसरा बड़ा पौधे की दूरी छः मीटर होना चाहिए तथा इन दो बड़े पौधों के बीच में एक छोटी किन्तु फलदार वृक्ष लगाने हेतु दिशा–निर्देश दिया गया था। इस दिशा–निर्देश का पालन नहीं किया गया तो ऐसे योजनाओं में एक पौधा से दूसरे पौधों की बीच की दूरी बनाये रखने हेतु thinning किया जाए। छोटे पौधे का अर्थ ऑवला, अनार एवं नींबू अन्य सभी फलदार एवं लकड़ी वाले पौधें को बड़े पेड़ की श्रेणी में रखा जाएगा

II फैसिलिटेटर के भुगतान के संबंध में :–

हर सामाजिक वानिकी योजना जो सार्वजनिक या निजी भूमि पर क्रियान्वित होगी, उसके आकस्मिकता मद में जो राशि निर्धारित होगी उस राशि को 5x12=60 किश्तों में बांटकर हर माह 10 तारीख के पहले फैसिलिटेटर के बैंक खाते में उनके द्वारा सम्पादित कार्य के सत्यापन के पश्चात स्थानांतरित कर दिया जायेगा ।

